**दिनांक-19.05.2026 को अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में विभिन्न प्रक्षेत्रों के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

---

बैठक में मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों के साथ Video Conferencing के माध्यम से क्षेत्रीय पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। बैठक में निम्नांकित निदेश दिये गये :-

2. केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत रूपांकण के Vetting संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में "टाल विकास योजना, ग्रुप सं0-03 अंतर्गत टाटी नदी एवं गोरियारी नदी पर एण्टी फ्लड स्लूईस" का रूपांकण के Vetting को शीघ्र निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई- मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

3. खड़गपुर झील के Revised Design Flood के अनुसार अतिरिक्त जलश्राव हेतु Spillway के स्थल चयन एवं रूपांकण कार्य की समीक्षा के क्रम में निदेशक, राज्य बाँध सुरक्षा संगठन, पटना द्वारा खड़गपुर झील बाँध के Flood Routing तथा Free Board Analysis Study की आवश्यकता बतायी गयी। तद्नुसार उक्त अध्ययन सम्पादन हेतु नियमाकुल कार्रवाई किया जाय।

**(कार्रवाई- निदेशक, राज्य बांध सुरक्षा संगठन, अनिसाबाद, पटना)**

4. मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल, वाल्मीकीनगर अंतर्गत पश्चिमी नहर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 19.05 तक नहर पुनर्स्थापन हेतु रूपांकण के Vetting प्रस्ताव पर अत्यधिक विलम्ब होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। इस क्रम में इसे दिनांक-27.05.2026 तक पूर्ण करने का आश्वासन मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना द्वारा दिया गया।

**(कार्रवाई- मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

5. मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना, राज्य बांध सुरक्षा संगठन, पटना तथा समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत कार्यालयों की दक्षता बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय एवं इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई- मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना/**
**मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन/**
**निदेशक, राज्य बांध सुरक्षा संगठन, अनिसाबाद, पटना)**

6. Dam Safety Act-2021 के प्रावधानों के अनुपालन निमित्त आवश्यक कार्यों को ससमय सम्पादित करने हेतु निदेशक, राज्य बाँध सुरक्षा संगठन, पटना को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई- निदेशक, राज्य बांध सुरक्षा संगठन, अनिसाबाद, पटना)**

7. केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत सम्पादित किये जा रहे कार्यो के सतत् मोनिटरिंग हेतु FMISC को केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना से समन्वय स्थापित करते हुए एक Portal विकसित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, FMISC (समन्वय)/ मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

8. वाल्मी, पटना अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा के क्रम में वाल्मी, पटना अवस्थित प्रयोगशाला को सुव्यवस्थित स्थिति में कार्यरत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया, जिससे वाल्मी में आने वाले प्रशिक्षु अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें।

**(कार्रवाई– निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना)**

9. निदेशक, वाल्मी द्वारा अवगत कराया गया कि "Modernization and Strengthening of WALMI" हेतु रू0 331.00 करोड़ का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली को समर्पित है। स्थानिक अभियंता के साथ समन्वय कर इस संबंध में गति लाने हेतु निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना)**

10. SSAP (State Specific Action Plan) कार्य का सतत् Monitoring करते हुए निश्चित समय सीमा के अंदर इसे पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना)**

11 समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत पुस्तकालय को सुव्यवस्थित स्थिति में रखने एवं अभिलेखों के Digitization हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना)**

12. योजना सूत्रण के क्रम में विभाग अंतर्गत DPR Preparation से योजना स्वीकृति तक के विभिन्न स्तरों का Flow Chart तथा इसमें लगने वाले सम्भावित समय के संबंध में अगली बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निदेशित किया गया ।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना)**

13. आगामी बैठकों में संयुक्त निदेशक, FMISC को गणितीय प्रतिमान केन्द्र, पटना और भौतिक प्रतिमान केन्द्र, वीरपुर के कार्यो का समेकित प्रस्तुतीकरण/प्रतिवेदन उपलब्ध कराने निमित्त निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटना)**

14. FMISC अंतर्गत अधिष्ठापित RTDAS (Real-Time Data Acquisition System) यंत्रों का वर्तमान स्थिति का आकलन करने हेतु GPS फोटोग्राफ के साथ समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटना)**

15. मुख्य अभियंता, यांत्रिक, पटना को आगामी बैठकों में अपने प्रक्षेत्र के कार्यो से संबंधित प्रस्तुतीकरण के साथ बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, यांत्रिक, पटना)**

16. FMISC तथा गणितीय प्रतिमान केन्द्र, पटना द्वारा मॉनसून तैयारी से संबंधित विभिन्न Product/App आदि का Video Tutorial के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया, ताकि क्षेत्रीय पदाधिकारी इसका समुचित इस्तेमाल कर सके।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटना)**

17. बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक-1/PMC/बैठक/131/2024 420 पटना, दिनांक- 27/05/24

प्रतिलिपि :- मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना/ मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना/ निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना/ मुख्य अभियंता, यांत्रिक, पटना/ संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटना/ निदेशक, राज्य बांध सुरक्षा संगठन, अनिसाबाद, पटना को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024 420 पटना, दिनांक–27/05/2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, योजना एंव मोनिटरिंग/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/5/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024 420 पटना, दिनांक–27/05/26

प्रतिलिपि :– सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

26/5/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–1/PMC/बैठक/131/2024 420 पटना, दिनांक–27/05/26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/5/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना